# फिनटेक बाजार 2025 तक तीन गुना होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री भागवत के कराड ने कहा है कि सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने बुधवार को उद्योग मंडल एसोचैम के एक वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मूल्य के हिसाब से 2025 तक देश का फिनटेक क्षेत्र तीन गुना होकर 6,20,700 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि उभरते बाजारों में भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी को अपनाने में सबसे आगे है। मार्च, 2020 तक भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता की दर 87 प्रतिशत थी, जबकि इसका वैश्विक औसत 64 प्रतिशत था।